# कार्यालय, जनपद न्यायाधीश, प्रतापगढ़।

(प्रशासनिक अनुभाग)

## विज्ञप्ति

माननीय उच्च न्यायालय के प्राप्त परिपत्र संख्या -14/एडमिन'डी' सेक्शन दिनांकित 15.10.2022 के अनुपालन में जनपद न्यायालय से सेवानिवृत्त कर्मचारीगण में से जनपद न्यायालय में रिक्त पदों के सापेक्ष पुनर्नियुक्ति किये जाने का निर्देश प्राप्त हुआ है। उक्त के अनुक्रम में न्यायिक अधिष्ठान, प्रतापगढ़ से सेवानिवृत्त में से ऐसे कर्मचारीगण जिनकी आयु 65 वर्ष पूर्ण न हुई हो, को एक वर्ष की अवधि के लिए (यदि पूर्व में ही समाप्त न कर दी जाये अथवा प्रोन्नति व माननीय उच्च न्यायालय, भर्ती प्रकोष्ठ, इलाहाबाद द्वारा भर्ती होने तक अथवा 65 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर) पुनर्नियुक्ति किये जानें हेतु निर्देश निर्गत किया गया है।

द्वितीय लिपिक की आख्यानुसार जनपद न्यायालय, प्रतापगढ़ के डिस्ट्रिक्ट कोर्ट इस्टैबलिसमेंट पोर्टल पर अधोलिखित तालिकानुसार रिक्त पदों का विवरण निम्नवत है:-

| क्रम संख्या | पद का नाम | रिक्तियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | प्रधान सहायक | 04 |
| 2. | वरिष्ठ सहायक | 68 |
| 3. | कनिष्ठ सहायक | 09 |
| 4. | पेड अप्रेटिंस | 01 |
| 5. | आशुलिपिक ग्रेड-III | 03 |
| 6. | वाहन चालक विशेष ग्रेड | 01 |
| 7. | दफ्तरी/बण्डल लिफ्टर | 06 |
| 8. | आदेशिका वाहक | 01 |
| 9. | अर्दली/कार्यालय चपरासी/चपरासी/फर्रास | 04 |
| | **कुल योग** | **97** |

जनपद न्यायालय प्रतापगढ़ में कर्चमारीगण की अत्यधिक कमी, न्यायिक कार्य के सुगमता पूर्वक निर्वहन में कठिनाईयों के दृष्टिगत, माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के परिपत्र संख्या -14/एडमिन'डी' सेक्शन दिनांकित 15.10.2022 के अनुपालन में तालिका में उल्लिखित श्रेणी के अनुसार, जनपद न्यायालय से सेवानिवृत्त ऐसे कर्मचारी जिनकी आयु 65 वर्ष पूर्ण न हुई हो, से आशुलिपिक, लिपिक एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पदों पर पुनर्नियुक्ति हेतु निर्धारित प्रारूप (संलग्न) पर आवेदक अपना आवेदन पत्र, आयु प्रमाण पत्र व स्वस्थता प्रमाण पत्र के साथ **दिनांक 29.01.2026** को सायं

05.00 बजे तक, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी के कार्यालय में प्रशासनिक अधिकारी के पास प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समय एवं तिथि के पश्चात प्राप्त हुए आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

पुनर्नियुक्ति हेतु साक्षात्कार की प्रक्रिया अपनायी जायेगी। अभ्यर्थीगण दिनांक 02.02.2026 एवं 03.02.2026 को साक्षात्कार हेतु प्रातः 10.00 बजे जनपद न्यायालय परिसर स्थित मुख्य प्रशासनिक अधिकारी के कार्यालय में उपस्थित होंगे। अभ्यर्थीगण को उनके साक्षात्कार दिवस के सम्बन्ध में अलग से सूचना प्रेषित की जायेगी। साक्षात्कार हेतु उपस्थित अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार का यात्रा–भत्ता देय नहीं होगा।

उक्त पदों का वेतनमान सम्बन्धित पद पर आवेदक को मिलने वाले अंतिम आहरित वेतन, जिसमें से पेंशन की धनराशि (राशिकरण के पूर्व) घटाते हुए, समस्त भत्तों सहित, उत्तर प्रदेश शासन के आदेशों/नियमों के अधीन परिलब्धियां देय होगी।

20.01.26

**(कुमुद उपाध्याय)**
**सदस्य/चयन समिति**
**मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,**
**प्रतापगढ़।**

20/1/26

**(अजय कुमार–I)**
**सदस्य/चयन समिति**
**अपर जिला जज, कक्ष संख्या–01,**
**प्रतापगढ़।**

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः –**

1. केन्द्रीय नाजिर, दीवानी न्यायालय, प्रतापगढ़, ,सूचना की प्रति को दीवानी न्यायालय,प्रतापगढ़ एवं कलेक्ट्रेट, प्रतापगढ़ के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराया जाना व्यक्तिगत रूप से सुनिश्चित करें।

2. सिस्टम, आफिसर, प्रतापगढ़ को निर्देशित किया जाता कि इस विज्ञप्ति को प्रतापगढ़ जजशिप के वेबसाइट एवं माननीय उच्च न्यायालय की वेबसाईट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

3. जिला सूचना अधिकारी, प्रतापगढ़ को इस आशय से प्रेषित की निःशुल्क समाचार पत्रों में प्रकाशित कराना सुनिश्चित करें।

20.01.26

**(कुमुद उपाध्याय)**
**सदस्य/चयन समिति**
**मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,**
**प्रतापगढ़।**

20/1/26

**(अजय कुमार–I)**
**सदस्य/चयन समिति**
**अपर जिला जज, कक्ष संख्या–01,**
**प्रतापगढ़।**

# <u>जनपद न्यायालय, प्रतापगढ़ में सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पुनर्नियुक्ति के माध्यम से भरे जाने वाले रिक्त पदों पर सेवायोजन के लिए आवेदन–पत्र</u>

## (As per C.L. No. 14/Admin.'D' Section Dated 15.10.2022)

### आवेदित पद का नामः आशुलिपिक/लिपिक/चतुर्थ श्रेणी

1. आवेदक का नाम : ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ...
2. पिता/पति का नाम : ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ...
3. जन्मतिथि : ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ...
4. सेवानिवृत्ति की तिथि : ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ...
5. अंतिम धारित पद एवं
   जनपद न्यायालय का नाम (जहां से सेवानिवृत्त हुए हैं)..............................................
6. पी०पी०ओ०संख्या (छायाप्रति संलग्न करें) :... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ............
7. स्थायी पता : ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ...

... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ...

... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ...

8. अस्थायी पता :... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ......

... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ...

... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ...

9. मोबाईल नम्बर :... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ...
10. ई०मेल आई०डी० :... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ...
11. शैक्षणिक योग्यता :... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ...

## <u>अण्डरटेकिंग</u>

मैं इस आशय की अण्डरटेकिंग प्रस्तुत कर रहा हूं/रही हूँ कि मैं शारीरिक रूप से स्वस्थ हूं एवं जनपद न्यायालय, प्रतापगढ़ में आवेदित पद पर कार्य करने हेतु सक्षम हूं। मेरे सेवाकाल में मेरी जानकारी के अनुसार मुझे कोई ऐसा दण्ड या प्रविष्टि नहीं दी गयी है, जिससे पुनर्नियुक्ति में बाधा हो। मेरे विरूद्ध कोई भी आपराधिक कार्यवाही लम्बित नहीं है।

मैं प्रमाणित करता हूं/करती हूं कि उपरोक्त सभी सूचनाएं मेरे निजी जानकारी में सही व सत्य है। यदि किसी भी समय उक्त सूचनाएं गलत या झूठ पायी गयी तो उसकी पूर्ण रूपेण जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी व इस सम्बन्ध में मेरे विरूद्ध की गयी कार्यवाही मुझे स्वीकार होगी। मैंने आवेदन सम्बन्धी सभी नियम/शर्तों का अवलोकन कर लिया है तथा मुझे स्वीकार है।

**दिनांकः–** **आवेदक के हस्ताक्षर**